**E-mail**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**संचिका सं0** : 03 / 04–भू0अ0नि0 (गया जी) आरोप–14 / 2024 3149 **पटना, दिनांकः**– 15/09/2026

# आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, गया जी के पत्रांक 914 दिनांक 04.08.2025 द्वारा श्री अभिषेक कुमार (AEN15266), विशेष सर्वेक्षण अमीन के विरूद्ध दिनांक 07.07.2025 से लगातार अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने से संबंधित आरोप प्रतिवेदित करते हुए सम्यक कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में निदेशालय पत्रांक 6617 दिनांक 08.10.2025 द्वारा श्री कुमार से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। निर्धारित अवधि तक स्पष्टीकरण प्रत्युत्तर अप्राप्त रहने की स्थिति में पुनः स्मारित किया गया। तदालोक में श्री कुमार से प्राप्त प्रत्युत्तर पर बन्दोबस्त पदाधिकारी से मंतव्य की मांग की गयी है। बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा अपने मंतव्य में श्री कुमार के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त मंतव्य / अनुशंसा एवं सभी अभिलेखों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि श्री कुमार द्वारा बिना सूचना / अवकाश स्वीकृत के अपने कार्यस्थल से अनुपस्थित रहना इनके कार्य करने के प्रति उदासीनता, मनमानेपन, अनुशासनहीनता व आदेश की अवहेलना को परिलक्षित करता है।

चूँकि विशेष सर्वेक्षण कार्य एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण किया जाना है। इनके द्वारा अनाधिकृत रूप से लम्बी अवधि तक अनुपस्थित रहने के कारण आवंटित कार्य बाधित हुआ है, जो स्वच्छ संविदा कर्मी के आचरण का सर्वथा प्रतिकूल है। उक्त परिप्रेक्ष्य में इनका संविदा नियोजन समाप्त किया जाना समीचीन है।

अतः निदेशालय आदेश संख्या 685 दिनांक 17.03.2022 के कंडिका–7 के आलोक में "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियामवली, 2019 यथा संशोधित नियमावली, 2022" की कंडिका–08 (4) के तहत श्री अभिषेक कुमार (AEN15266), विशेष सर्वेक्षण अमीन बन्दोबस्त कार्यालय, गया जी का संविदा नियोजन अनाधिकृत अनुपस्थिति की तिथि से समाप्त किया जाता है।

Sd/- 14/09/26
(सुहर्ष भगत)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / 04–भू0अ0नि0 (गया जी) आरोप–14 / 2024 3149 **पटना, दिनांक** 15/09/2026

**प्रतिलिपि** : श्री अभिषेक कुमार (AEN15266), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, गया जी को सूचनार्थ प्रेषित।

Sd/- 14/09/26
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / 04–भू0अ0नि0 (गया जी) आरोप–14 / 2024 3149 **पटना, दिनांक** 15/09/2026

**प्रतिलिपि** : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, गया जी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sd/- 14/09/26
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/04–भू0अ0नि0 (गया जी) आरोप–14/2024 3149 **पटना, दिनांक** 15/09/2024

**प्रतिलिपि** : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेश है कि इसकी स्कैन कॉपी R2R सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत संबंधित कर्मी की व्यक्तिगत संचिका में संधारित करना सुनिश्चित करें।

Sd/- 14/09/24

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप